दिनांक 4 फरवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर चलाया गया जागरुकता अभियान , मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से किया गया जागरूक

- आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाएं एवं बच्चों को फल वितरण किया गया

भिलाई नगर/ विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को कैंसर से होने वाली हानि एवं इसके बचाव के तरीके के बारे में जानकारी दी गई! विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिले के प्रभारी कलेक्टर एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी विशेष रूप से मौजूद रहे! श्री रघुवंशी के निर्देश पर मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर में बालिका दिवस एवं कुष्ठ दिवस के अवसर पर भी लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया था! श्री रघुवंशी की पहल पर दाई-दीदी क्लीनिक में कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क इलाज किया जा रहा है! निगमायुक्त ने आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया तथा कुपोषित महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं के अतिरिक्त अन्य महिलाओं को भी दाई-दीदी क्लीनिक में इलाज कराने प्रेरित करने के निर्देश दिए , साथ ही महिलाओं एवं बच्चों को फल का वितरण किए! आज के स्वास्थ्य शिविर में जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गंभीर सिंह ठाकुर, डॉ राजेंद्र खंडेलवाल तथा गाइनेकोलॉजिस्ट ने कैंसर के बारे में लोगों को अवगत कराया! लोगों को विशेष दिवस पर जागरूक करने के लिए नोडल अधिकारी एवं उपायुक्त तरुण पाल लहरें का विशेष योगदान रहा! दाई-दीदी क्लीनिक में जिला अस्पताल की चिकित्सक डॉ ज्योति धुर्वे एवं डॉ विनीता ने मरीजों का परीक्षण किया ,

जनसंपर्क अधिकारी